**बुलन्दशहर :** नगर की तीनों शाखाओं 'बुलन्दशर, विराट व गौरव के संयुक्त तत्वावधान में 4 मई को लोकसभा चुनाव में मतदान अधिकतम कराने के उद्देश्य से एक रैली का आयोजन काला आम चौराहे से किया गया। अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र गर्ग, वीरसेन व सुशील आर्य के नेतृत्व में तीनों शाखाओं के पदाधिकारी व सदस्यों ने भाग लिया। रैली में सम्पादक 'नीति' किशोर अग्रवाल, प्रताप मोहन अग्रवाल, डॉ. शील परिहार, सुनील शर्मा, एस.बी.अग्रवाल, नरेन्द्र गुप्ता, ओम प्रकाश जलान, बी.के.राणा का विशेष सहयोग रहा।

**बुलन्दशहर गौरव :** शाखा का अधिष्ठापन समारोह 23 अप्रैल 09 को प्रान्तीय अध्यक्ष संजय संगले, प्रान्तीय महासचिव मित्तल की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। समारोह में प्रताप मोहन अग्रवाल मुख्य प्रान्तीय संरक्षक मुख्य अतिथि थे। संचालन डा. नरेश चन्द वार्ष्णेय ने किया।

**बड़ौत :** 7 अप्रैल 09 को महावीर जयन्ती के उपलक्ष्य में निकाली गयी रथयात्रा के अवसर पर शाखा द्वारा प्रसाद वितरित किया गया। 12 अप्रैल को प्रान्तीय कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा मेरठ में जाकर सहभागिता की गयी। 15 अप्रैल को जल संरक्षण अभियान के अर्न्तगत नागरिकों को जागरूक किया गया। 20 अप्रैल को सेवा प्रकल्प के अर्न्तगत मण्डी में शीतल जल की प्याऊ की व्यवस्था की गयी। 17. 5.09 को शाखा आतिथ्य के 16 पर्व अध्यक्षों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसका संचालन प्रान्तीय महासचिव बीना अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डा. भवानी शंकर शर्मा थे। 22 मई को शाखा द्वारा एक रक्तदान शिविर भी लगाया गया। जिसमें 151 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इसमें 37 जरूरत मन्द व्यक्तियों को रक्त उपलब्ध कराया गया।

## ब्रज प्रदेश

**20 मई, 2009 को प्रान्तीय अधिवेशन एवं दायित्व ग्रहण समारोह, फ़िरोज़ाबाद मुख्य शाखा के आतिथ्य में स्थानीय गर्ग होटल में आयोजित हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि के राष्ट्रीय वित्त मंत्री हरीश जिन्दल उद्घाटनकर्ता फ़िरोज़ाबाद नगरनिगम अध्यक्ष मनीष असीजा थे। राष्ट्रीय संयोजक हरीनारायण चतुर्वेदी ने नये सत्र के लिए प्रान्तीय अध्यक्ष, अभय कुमार जैन, महासचिव श्री दिनेश चन्द्र अग्रवाल, एवं कोषाध्यक्ष श्रीमती डॉ. दिव्या लहरी को शपथ ग्रहण कराई। राष्ट्रीय मंत्री हरीश जिन्दल ने कहा कि परिषद् ने समाज में सेवा के क्षेत्र में विकलांग सहायता एवं पुनर्वास, वनवासी कल्याण योजना तथा चिकित्सा क्षेत्र में अनेकानेक कार्य किये हैं। प्रदेश की विभिन्न शाखाओं को उनके द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मनित भी किया गया।**

**प्रतिभा अलीगढ़ :** शाखा की नई कार्यकारिणी सत्र 2009-10 का निर्वाचन भारत विकास परिषद् के प्रदेश संयुक्त महासचिव संजीव कुमार वार्ष्णेय की उपस्थिति में सर्वसम्मति से हो गया।

**संस्कार आगरा :** शाखा द्वारा 7.5.09 को 25वां अधिष्ठापन व शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि परमपूज्य गीतामनीषी महामण्डलेश्वर श्री ज्ञानानन्द जी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ईश्वर दत्त ओझा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने भारत विकास परिषद् के समाजिक व राष्ट्रीय संकल्पों से सदन को अवगत कराया तथा नव निर्वाचित कार्यकारिणी के साथ सामाजिक विकास के कार्यों को सम्पादित कराने के लिये आर्शीवाद प्रदान किया। विशिष्ट अतिथि आचार्य संत हरिओम संस्थापक लोक आराधना ने समाजिक एकरसता में भारत विकास परिषद् की भूमिका की सराहना की। शाखा वर्ष 2009 रजत जयन्ती वर्ष के अधिष्ठापन समारोह का आयोजन 7 मई 2009 को द गेटवे होटल ताज न्यू फतेहाबाद रोड, आगरा पर किया।

**शिवम् अलीगढ़ :** शाखा का चौदहवाँ दायित्व ग्रहण एवं दीक्षा समारोह स्थानीय मधुवन गेस्ट हाऊस में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। अधिष्ठापन अधिकारी फिरोजावाद से पधारे अभय कुमार जैन, अध्यक्ष ब्रज प्रदेश द्वारा सत्र 9-10 के लिए डा. एस.डी. गुप्ता को अध्सक्ष, प्रकाश गुप्ता सचिव एवं नीरजकांत गुप्ता को कोषाध्यक्ष पर का दायित्व ग्रहण कराया गया। शाखा की ओर से एक रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें सुमन गुप्ता प्रथम कल्पना वाष्णेय दूसरा अर्चना राजन और नीलम गुप्ता संयुक्त रूप से तीसरे पायदान पर आई।

**सुन्दरम् अलीगढ़ :** समाज सेवा के क्षेत्र में शाखा द्वारा एक केल्शियम जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 150 लोगों की जांच कराई गई। ज्येष्ठ माह की आग उगलती भीषण गर्मी में जेलरोड पर शीतल जल प्याऊ का शुभांरभ किया गया। अलीगढ़ की शाखाओं की ओर से स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व महापौर सावित्री वाष्णेय अध्यक्ष आभा सिंघल रत्नेश

शाह, डा. अलका गर्ग ने शुभ कामनाएं दी।

## काशी प्रदेश

**वाराणसी सिटी :** शाखा ने लोगों को वोट देने को प्रेरित करने के लिए 'जागो वोटर जागो' जनजागरण रैली निकाली। रैली में शाखा सदस्यों के अतिरिक्त, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. प्रकाशवती शर्मा, राष्ट्रीय संयोजक, ब्रह्मानन्द पेशवानी, प्रान्तीय अध्यक्ष झुनझुनवाला, क्षेत्रीय संयोजक आलोक कपूर आदि ने नगर के नागरिकों से अपने मताधिकार का विवेकपूर्ण इस्तेमाल करने का आग्रह किया। शाखा का 9वाँ दायित्व ग्रहण समारोह 19 अप्रैल को सम्पन्न हुआ। प्रान्तीय अध्यक्ष नये पदाधिकारियों को दायित्व की शपथ दिलाई एवं प्रान्तीय महासचिव ने नये सदस्यों को सदस्यता का संकल्प दिलाया। गंगा को स्वच्छ रखने के लिए तट पर सभी से आग्रह किया गया कि गंगा में गंदगी ने डालें।

**मिर्जापुर :** नैतिक मूल्यों को प्रोत्साहित करके ही एक समर्थ नागरिक का निर्माण किया जा सकता है। ऐसे समर्थ नागरिक ही राष्ट्र की सम्प्रभुता की रक्षा करते है। उपरोक्त शब्द दात्यिव ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि परिषद् के प्रान्तीय महासचिव मनोज चौधरी ने व्यक्त किये। कार्यक्रम के दौरान 2009-10 के पदाधिकारियों एवं नए सदस्यों को दात्यिव एवं सदस्यता की शपथ दिलाई गई। परिषद् प्रतिवर्ष बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए राष्ट्रीय स्तर की कई प्रतियोगिताएं आयोजित करती है। परिषद् द्वारा बनवासी, एवं विकलांगों के सहायतार्थ कई उप-केन्द्र तथा कोटा, राजस्थान में 200 शैया का एक सुज्जित चिकित्सालय संचालित हो रहा है। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा प्रमुख डा. गणेश प्रसाद अवस्थी ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

## अवध गोरक्ष

**गोरखपुर :** शाखा का वर्ष 2009-10 के लिए नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 3 मई, 09 को डॉ. महेन्द्र अग्रवाल, वरिष्ठ संरक्षक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. श्रीमती रीना श्रीवास्तव, श्री पुष्करणा, प्रान्तीय मंत्री एवं मुख्य अतिथि श्यामा प्रसाद मुखर्जी शोध संस्थान के निदेशक श्री तरुण विजय उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य समाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**इन्दिरानगर, लखनऊ :** शाखा की वर्ष 2009-10 की कार्यकारिणी का दायित्व ग्रहण समरोह 03.05.09 को रानी लक्ष्मीबाई मैमोरियल सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, सैक्टर-14, इन्दिरानगर, लखनऊ के सभागरार में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर शाखा के 75 वर्षीय सदस्य श्री आर.एन. अरोड़ा को सम्मनित किया गया। तकरोही ग्राम के सरस्वती शिशु मंदिर में 18.05.09 को उच्चतम अंक व उच्चतम उपस्थिति के विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किया गया अथवा रुपये 600/- की छात्रवृतियां तथा स्मृति चिन्ह प्रदान किये गये।

**बहराइच :** शाखा का दयित्व एवं शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि माननीय श्री ईश्वर दत्त ओझा-राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि माननीय श्री शिवचरण अस्थाना-राष्ट्रीय अतिरिक्त

महामंत्री रहे। इस अवसर पर दायित्व एवं संकल्प अधिकारी डॉ॰ एन. पी. पुष्करणा ने नई कार्यकारिणी के अध्यक्ष श्री के. के. गुप्ता, सचिव संदीप मित्तल, कोषाध्यक्ष मयंक अग्रवाल सहित पूरी कार्यकारिणी को दायित्व ग्रहण कराया। मुख्य अतिथि श्री आई.डी. ओझा द्वारा 2008-09 में बने 22 विकास मित्रों एवं रक्तदान करने वाले सम्मानित सदस्यों राहुल गोयल, बृजेश गुप्ता, राकेश दोचानिया आदि को सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अनुपमा जैसवाल -संस्कार प्रमुख एवं महिला संयोजिका ने बड़े अच्छे ढ़ंग से किया।

## प्रयाग प्रान्त

राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष आई. डी. ओझा के नेतृत्व में राष्ट्रीय अतिथि महामंत्री शिव शरण अस्थाना ने शिवनन्दन गुप्ता प्रान्तीय अध्यक्ष, मदन मोहन अग्रवाल प्रान्तीय महासचिव तथा टी.एन. चडडा को प्रान्तीय कोषाध्यक्ष का दायित्व ग्रहण कराया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अतिथि महामंत्री ने प्रयाग प्रान्त में कम से कम 10 शाखायें एवं प्रत्येक सदस्य द्वारा एक नया सदस्य बनाने का आह्वान किया।

**मंगलम् :** शाखा एवं विकलांगों के लिए समर्पित राष्ट्रीय संगठन ''सक्षम'' ने संयुक्त रूप में सूरदास जयन्ती ज्वाला देवी सभागार में मनया। सूरदास विकलांगों के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि करण सिंह पटेल , विशिष्ट अतिथि अमिताभ गर्ग, निदेशक जन शिक्षण संस्थान ने सभी प्रज्ञा चक्षुओं को अंगवस्त्रम् देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में शिवानन्द गुप्ता, अध्यक्ष प्रान्तीय अध्यक्ष, आर.के. सिंह, पूर्व महासचिव राष्ट्रीय दृष्टिहीन संघ, कमलकान्त पाण्डेय ने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री एस.आर. गुप्ता व परिचय सुभाष वाही ने किया। कार्यक्रम में मेधावी छात्र बृजेश पाण्डेय को सम्मानित किया गया। ऊना में सभी विकलांगों को एक-एक छड़ी प्रदान की गई।

## बुन्देलखण्ड

**ललितपुर :** 29.03.09 को शाखा का सातवाँ अधिष्ठापन समारोह भव्यता के साथ धर्मवीर सिंह जिला न्यायधीश के मुख्य आतिथ्य में व डॉ. बाल किशन, सी. एम.डी. के विशिष्ट आतिथ्य में प्रान्तीय पदाधिकारी कुंज विहारी गुप्ता, इंजी. एम. एस.गुप्ता आदि के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। 7.4.09 को भगवान महावीर जयन्ती, 9.4.09 को वीर हनुमान जयन्ती और 1.05. 09 को मेधावी छात्र अभिनन्दन किया गया जिसमें शाखा द्वारा संचालित विद्यालय भारत पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया एवं अपनी-अपनी कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरूस्कार देकर उन्हें सम्मानित किया गया।

**वीरांगना, झाँसी :** वीरांगना झलकारी बाई महिला केन्द्र व परिषद् के संयुक्त तत्वावधान में कन्या भ्रूण हत्या को रोकने व जन-मानस मे जागरूकता लाने के लिए पोस्टर प्रदर्शनी लगाई गई। साथ ही फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। इस अवसर पर डॉ. अर्चना वर्मा, अशोक अग्रवाल, 'काका' सुमन आदि उपस्थित रहे। संचालन डॉ अनु सिंघला ने किया।

**रानी झांसी :** शाखा के अक्षय तृतीय की शुभ लग्न पर तत्वाधान में काली

बाड़ी मंदिर परिसर में पांच कन्याओं के विवाहोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परिषद् के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ईश्वर दत्त ओझा रहे। इस अवसर पर संरक्षक कुंज बिहारी गुप्ता, अध्यक्ष मैथली शरण गुप्ता, एम.एच. चतुर्वेदी, दीपक वार्ष्णोय, नितेश जैन, उमेश अग्रवाल, राजा गहोई, मुन्ना भइया, अनिल श्रीवास्तव, आदि उपस्थित रहे। संचालन राजेश जैन, व आभार देवेन्द्र सिंह ने जताया।

## रुहेलखण्ड

**संस्कृति बिजनौर :** 4 अप्रैल 2009 को आम सभा की गई जिसकी अध्यक्षता शाखा संरक्षक सतीश चन्द्र जैन ने की। इस अवसर पर एल.पी. सिंह पी.सी. गुप्ता श्रीमती रंजना हरित, सी.पी. शर्मा, रतिराम गोयल सदस्य उपस्थित रहे। 24 मई 2009 को शाखा के वरिष्ठ सदस्य व उपाध्यक्ष राजवर्धन भटनागर के स्व. पुत्र सौरभ भटनागर की पुण्य तिथि पर ''संस्कृति'' शाखा के तत्वाधान में मधुर शीतल पेय जल वितरित किया गया। इस अवसर पर शाखा के समस्त सदस्यों ने जन सेवा कार्यों में अपना सहयोग प्रदान किया।

## उत्तराखण्ड पश्चिम

**द्रोण देहरादून :** शाखा द्वारा 29.4.09 को एक गरीब कन्या का विवाह, खुड़बुड़ा मुहल्ले में दीप शाही गुरुद्वारा में संपन्न करवाया। जिसमें उपस्थित सदस्यों ने वर एवं वधू को आशीर्वाद दिया।

**कोटद्वार गढ़वाल :** शाखा द्वारा पतंजलि योगपीठ के सहयोग से आयोजित 25.5.09 से 30.5.09 तक चले छः दिवसीय योग शिविर में पातंजलि योगपीठ की केन्द्रीय प्रभारी श्रीमती सीमा जौहर से प्रतिदिन लगभग 400 पुरुष, महिलायों प्राणायाम, सूक्ष्म व्यायाम, सूर्य नमस्कार व विभिन्न आसनों की शिक्षा प्राप्त करते हैं। इसमें प्रशिक्षक भगवती प्रसाद, अध्यक्ष मोहन सिंह रावत, सचिव कैलाश चन्द्र अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा।

## उत्तराखण्ड पूर्व

**हल्द्वानी :** शाखा का अधिष्ठापन समारोह, अधिष्ठापन अधिकारी, प्रान्तीय सचिव नरेन्द्र अरोड़ा के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि वन, पर्यावरण, परिवहन मंत्री बंशीधर भगत थे। संचालन सचिव दीपक कुमार अग्रवाल द्वारा किया गया।

## पंजाब पूर्व

**पटियाला :** पटियाला की सभी शाखाओं की ओर से सहयोग-2009 प्रकल्प का आयोजन परिषद् भवन, सनौरी गेट में किया गया। पटियाला शहर व आस-पास के गाँवों के लगभग 45 स्कूलों के 350 मेधावी व जरूरतमंद विद्यार्थियों को परिषद् की ओर से निःशुल्क स्कूल की वेशभूषा, कॉपियां, जूते आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अनीश मंगला ने सभी बच्चों को आर्शीवाद दिया। प्रान्तीय सचिव हरिकृष्ण गुप्ता, समन्वय कमेटी की सचिव शीमा जोशी, जसमीत वीर सिंह इस मौके पर उपस्थि रहे। इकाई की सभी पाँचों शाखाओं - शिवाजी, भगत सिंह, विवेकानन्द गोविन्द, लक्ष्मीबाई की ओर से शपथ ग्रहण समरोह का आयोजन किया गया।

**सामाना मण्डी पटियाला :** शपथ ग्रहण समारोह अग्रवाल धर्मशाला में

आयोजित किया गया। इस समारोह में राज्य सचिव एच.आर. नारंग, सचिव दीप चंद गुप्ता, संगठन मंत्री एस.सी. गलहोत्रा और जिला सचिव नवदीप गुप्ता विशेष तौर पर पहुंचे। 51 मेम्बर बनाने पर पदाधिकारियों को बधाई दी गई। मंच का संचालन सुभाष गोयल ने किया और राजिन्द्र प्रसाद गुप्ता ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर प्रेम गोयल, डॉ. राज कुमार गर्ग, नवीन गुप्ता और कई मेम्बर उपस्थित थे।

**राजपुरा :** शाखा के प्रधान तरसेम जोशी ने अपनी टीम सहित शपथ ग्रहण करते हुए कार्यभार संभाला। मुख्य मेहमान प्रवीण छाबड़ा प्रधान नगर कौंसिल राजपुरा ने भारत विकास परिषद् राजपुरा के कार्यो की सराहना की। शाखा के भवन का उद्घाटन राजकुमार जैन द्वारा किया गया। शाखा द्वारा जरूरतमंदों की सहायता कार्यक्रम के तहत कुष्ठ रोगियों की बस्ती में अनाज, दालें, चीनी, चायपत्ती, तेल, नमक आदि बांटे गये। इस अवसर पर चेयरमैन श्री सतपाल, श्री राजकुमार जैन, श्री एम.एम. अग्रवाल, शाखा अध्यक्ष तरसेन जोशी तथा कमल वर्मा सचिव उपस्थित थे।

**बस्ती पठाना :** शाखा द्वारा 29.3.09 को विश्व-कल्याण हेतु नव विक्रमी सम्वत् पर यज्ञ-हवन किया गया। स्थानीय मार्ग पर स्थापित वाटर कूलर तथा पानी की टैंकियों को चालू कर गर्मियों के लिए ठण्डे जल की व्यवस्था की गई। अन्त में बैसाखी पर्व के शुभ अवसर पर इश्तिहारों द्वारा लोगों को मंगल-कामनाएं भेजी गई। 25.05.09 को शाखा की प्रेरणा से जंग बहादुर आयु 38 वर्ष की मरणोपरान्त पी.जी.आई. चण्डीगढ़ के डाक्टरों की टीम बुला कर आँखें दान करवाई गई। 31.05.09 को चार नये सदस्यों को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर श्री एच.आर. नारंग, प्रान्तीय सचिव तथा एस.सी.गिलहोत्रा, प्रान्तीय संगठन मंत्री उपस्थित थे। निर्जला एकादशी के पर्व पर शाखा के सदस्यों द्वारा मिलकर ठण्डे मीठे जल की छबील लगायी गई।

**मानसा :** शाखा द्वारा 3.05.09 को जनरल मीटिंग रखी गई जिसमें 30-32 परिवार वालों ने भाग लिया। श्री अर्जुन देव शहीदी पर्व पर ठण्डे पानी की एक छबील लगाई गई। 31.05.09 को प्रदेश कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें जल की महत्वता को बताते हुए कहा कि पानी को व्यर्थ में न बहाया जाये इसका पूर्ण रूप से सदुपयोग होना चाहिए।

**नाभा :** शाखा की ओर से जरूरतमंद विद्यार्थीयों की सहायता कार्यक्रम आयोजित किया गया। परिषद् प्रधान आर.वी. सिंगला ने विभिन्न स्कूलों से आये आध्यापकों और बच्चों का परिषद् की ओर से स्वागत किया। इसके पश्चात् कमल गोयल, चमन लाल, हेम राज, आदि मैम्बरों ने 8 स्कूलों के 120 विद्यार्थियों को स्कूल वर्दियां बांटी। श्रीमती सिंगला ने स्कूल प्रिंसीपल का, मेनेजमैंट कमेटी का और परिषद् के मेम्बरों का पूर्ण सहयोग देने के लिए धन्यवाद किया।

## पंजाब दक्षिण

प्रान्त की प्रथम कार्यकारिणी बैठक 12.04.09 को कमल होटल मोगा में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता माननीय श्री वीरेन्द्र सब्बरवाल, राष्ट्रीय महामंत्री ने की।

बैठक में श्री अजय दत्ता, राष्ट्रीय मंत्री विस्तार, श्री सेवा सिंह चावला, प्रो. एस.पी. नरुला, श्री श्रीनिवास बिहानी व श्री जयपाल गर्ग सहित प्रान्तीय कार्यकारिणी के 40 सदस्यों ने भाग लिया। माननीय श्री सब्बरवाल व श्री अजय दत्ता ने अपने मूल्यवान विचारों से सदस्यों का मार्गदर्शन किया। मोगा शाखा के 5 विकास मित्रों को अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया।

**अबोहर :** 19.04.09 को वर्ष 2009-10 के लिए चुनी गई नवनिर्वाचित टीम का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रान्तीय अध्यक्ष श्री सुभाष गोयल द्वारा की गई। कार्यक्रम में जगदम्बा अंधविद्यालय व नेत्र चिकित्सालय गंगानगर के प्रभारी डॉ. रंजना सेठी व डॉ. निखिल दिक्षित विशेष तौर पर पहुँचे। परिषद् द्वारा 225 व्यक्तियों के मरणोंपरात नेत्र लेकर 450 व्यक्तियों को लगाकर उनकी अंधेरी जिन्दगी को रोशन किया। शाखा द्वारा चलाये जा रहे स्थायी प्रकल्पों के अन्तर्गत नि:शुल्क होम्योपैथिक डिस्पैंसरी नवयुग हाई स्कूल में चलाई जा रही है। जिसमें सप्ताह में दो दिन करीब 150 से 200 मरीज फायदा उठा रहे हैं। माता चिन्तपूर्णी मंदिर में नि:शुल्क सिलाई व कढ़ाई केन्द्र में 20 लडकियाँ सिलाई सीख रही हैं। एम्बुलैंस व मुक्ति वाहन शाखा द्वारा बिना लाभ हानि के आधार पर सुचारू ढ़ंग से चल रहे हैं। अप्रैल माह में 12 जरूरतमंद व्यक्तियों को रक्त उपलब्ध करवाकर उनकी स्वास्थ्य की कामना की गई। जल सेवा द्वारा लोगों को ठण्डा पानी उपलब्ध करवाया जा रहा है।

**फाजिलका :** 30 अप्रैल शाखा द्वारा एस.डी. एलीमैन्टरी स्कूल में ज़रूरतमंद विद्यार्थियों में कापियां, पैन व पेंसिलें बांटी गई। इस अवसर पर प्रो. राम कृष्ण गुप्ता, इंजीनियर कीर्ति पेड़ीवाल, ज़ोनल चेयरमैन श्रीनिवास बिहाणी के अतिरिक्त परिषद् के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। परिषद् की नई चुनी गई टीम का शपथ ग्रहण समारोह व वार्षिक उत्सव श्री सुन्दर आश्रम में आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सर्वहितकारी विद्या मंदिर की प्रबंधकीय कमेटी के सचिव रवि भूषण डोडा थे। जबकि अध्यक्षता प्रान्तीय अध्यक्ष सुभाष गोयल ने की। इस मौके पर नव नियुक्त अध्यक्ष संदीप कटारिया, सचिव विजय गुगलानी, कोषाध्यक्ष विकास बजाज ने अपना पदभार ग्रहण किया। अन्त में अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। शाखा द्वारा 08.05.09 से 13.05.09 तक अपने प्रकल्पों के अन्तर्गत जरूरतमंदों की सहायतार्थ वनवासी कल्याण योजना, विकास मित्र व प्रान्तीय कार्यशाला पर कार्य किये गये। शाखा द्वारा कश्यप परिवार से सम्बंधित दो सगी बहनों का फाजिल्का के दानी सज्जनों के सहयोग से सामूहिक रूप से विवाह कराया गया। परिषद् के प्रवक्ता प्रो. राम कृष्ण गुप्ता ने बतया कि नारायण वेलफेयर सोसायटी व अन्य सज्जनों ने अपना पूर्ण सहयोग दिया। इस अवसर पर क्षेत्रीय चेयरमेन श्रीनिवास बिहानी, प्रान्तीय कोषाध्यक्ष टेक चन्द धूड़िया, सुनील दत्त मदान आदि सदस्य उपस्थित थे।

**मोगा :** शाखा के पदाधिकारियों ने भव्य समारोह में सेवा भाव के कामों को तेजी से बढ़ाने की शपथ ली। नई टीम के अध्यक्ष महेन्द्र जिन्दल, सचिव राजेन्द्र सचदेवा ने विश्वास दिलाया कि उन पर जो

भरोसा परिषद् ने किया है उस पर वे सभी के सहयोग से खरा उतरने की कोशिश करेंगे। इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ. विजय आर्या और कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रान्तीय उपाध्यक्ष रोशन लाल आदि उपस्थित थे। शाखा की तरफ से अंगहीन जरूरतमंद व्यक्ति प्यारेलाल चतुर्वेदी को कैलीपर के लिए सहायता केन्द्र लुधियाना भेजा गया तथा 2009-10 को विकास मित्र बनाने की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए निशी राकेश विज को विकास मित्र बनाया गया। अन्त में पूर्व प्रान्तीय अध्यक्ष सुनील जैन ने मेहमानों का धन्यवाद किया।

**तलवंडी :** शाखा सचिव एवं विस्तारक डा. बी.एल. पसरीचा ने अपनी टीम के सदस्यों सहित जिला फिरोजपुर की ओर से 3500 इश्तियार छपवा कर शहर में डेंगू बुखार से बचने के लिये इसका ईलाज व रोकथाम के लिये जरूरी सावधानियां लिखवाकर जागृति का प्रयास किया गया।

**बरेटा : अध्यक्ष बाबु राम ने बताया कि शाखा द्वारा मई 2009 में 28 आखें दान में लेकर 28 नेत्रहीनों को रोशनी प्रदान करके उनके नई जिन्दगी दी जो अपने आप में एक रिकार्ड है।**

**फिरोजपुर :** 24.05.09 को शपथ ग्रहण एवं परिवार मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता प्रान्तीय अध्यक्ष सुभाष गोयल ने की। नव निर्वाचित दायित्वधारियों को शपथ दिलवाई गई।

## पंजाब उत्तर

**खन्ना :** वर्ष 2009-2010 के शाखा चुनाव जिला अध्यक्ष बृज भूषण बंसल द्वारा विधिपूर्वक करवाये गये। नई कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा स्थायी प्रकल्प के अन्तर्गत पांच पानी की टँकियां शहर के विभिन्न स्थानों पर पीने के लिये लगाई गई। शाखा द्वारा फ्री एम्बुलैंस सेवा भी सुचारू रूप से चल रही है। शाखा की ओर से स्कूलो में बच्चों के दाखिला फीस भी देनी आरम्भ कर दी है।

**जालन्धर :** शाखा द्वारा 22 मार्च, 2009 को नि:शुल्क मैडिकल कैम्प लगाया गया। कैम्प में करीब 400 मरीजों की आंख, दाँत तथा जनरल चैकअप किया गया। मरीजों को मुफ्त दवाईयाँ बाँटी गई। 29 मार्च, 2009 को दस गरीब कन्याओं का सामूहिक सरल विवाह परिषद् द्वारा करवाया गया। समारोह में अखिल भारतीय महामंत्री वीरेन्द्र सभरवाल व जालन्धर के महापौर राकेश राठौर विशेष रूप से उपस्थित हुये व नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। 12 अप्रैल 2009 को दायित्व ग्रहण समारोह व परिवार मिलन समारोह स्थानीय स्काईलोक होटल में मनाया गया।

**नकोदर :** शाखा का चुनाव वर्ष 2009-10 के लिए ज़िला प्रधान की देख-रेख में सम्पन्न हुआ। भूपेन्द्र अजीत सिंह के अध्यक्ष एस.एस. पुरी को सचिव और डा. अविनाश दुग्गल को कोषाध्यक्ष चुना गया। जिसमें प्रधान भुपेन्द्र अजीत सिंह व आकाश चन्द्र भल्ला सदस्य विकास मित्र बने। गुरु नानक माडल हाई स्कूल के 30 विद्यार्थियों, जिन्होंने वार्षिक परीक्षा में अपनी कक्षा में पहला दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया, को सम्मानित किया गया। शाखा द्वारा मलावी देवी स्कूल को 10,000 रु. राशि से 10 पंखे दान किए गए।

**शेष पृष्ठ 30 पर.....**

तुलसी इटावा, ब्रह्मावर्त : फ़िज़ियोथिरेपी शिविर का उद्घाटन करती नीलिमा जैन।

राजपुरा, पंजाब पूर्व : कुष्ठ रोगियों को राशन इत्यादि भेंट करते हुए शाखा सदस्य।

मेवाड़ उदयपुर, राजस्थान दक्षिण : शाखा शपथ ग्रहण समारोह में शपथ दिलाते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, एस.के.वर्मा।

अजमेर, राजस्थान मध्य : चल शल्य चिकित्सालय में सर्जरी करते हुए चिकित्सक।

पातड़ा, पंजाब पूर्व : शाखा द्वारा कृत्रिम अंग प्रदान किये गये।

भिवानी, हरियाणा पश्चिम : शाखा के पदाधिकारियों द्वारा शपथ ग्रहण का दृश्य।

मदनगंज-किशनगढ़, राजस्थान मध्य : शाखा द्वारा ढ़ाई लाख रुपये के एम्बुलेन्स का लोकार्पण।

Karimganj, Assam West : A child is performing a dance during the Annual General meeting.

.....पृष्ठ 27 का शेष

**टैगोर लुधियाना :** शाखा द्वारा 5 अप्रैल 09 से 29 अप्रैल 09 तक अनेक कार्यक्रम किये गये जिसके अन्तर्गत कन्याओं की संख्या घट रही है इस चिंतन पर विचार किया गया। विकलांग भाई बहनों की प्रैस कान्फ्रेन्स नेत्रहीन स्कूल में की गई जिसमें अक्षय बन्धुओं के लिये कैम्प का इन्तजाम व नौकरियों के लिये फिक्स कोटा होना चाहिये पर विचार किया गया। महावीर संस्थान के साथ मिलकर विकलांग सहायता कैम्प पोलियो सर्जरी व सुनने वाली मशीन वितरित की गई। गवर्नमेंट हाई स्कूल स्लेमटाबरी में बच्चों के लिये एक डिस्पेन्सरी खोली गई है। तेरापंथ महिला समाज ने भ्रूण हत्या पर संगोष्ठी करवाई गई जिसमें अध्यक्ष नीलम गुप्ता ने भाग लिया। गांव नया रजमोवाल गुरुद्वारा में मुफ्त मेडिकल कैम्प लगावाया गया। हैबोवाल कलाँ में लगभग 2000 कपड़े बांटे गये। इसके अलावा मताधिकार पर संगोष्ठी कराई गई।

**अमृतसर केन्द्रीय :** मई माह 3 से 24 मई तक शाखा द्वारा विभिन्न कार्य किय गये। जिसके अन्तर्गत 200 बच्चों का न्यरोथैरेपी उपचार डाक्टरों की टीम द्वारा किया गया। परिवार मिलन कार्यक्रम तथा एक राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन शाहपुर कड़ी में किया गया।

**शाहपुरकंडी :** जिला अध्यक्ष के. के. महाजन की अध्यक्षता में दीनानगर स्थित कुष्ठ आश्रम में लगभग 80 कुष्ठ रोगियों को निःशुल्क 19 दिन के लिए राशन दिया गया। पहनने के लिए कपड़े, चप्पलें और फल भी दिये गये। आश्रम प्रमुख ने बताया कि आश्रम में कुष्ठ रोगियों की संख्या पहले से बढ़ी है। परिषद् पदाधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जरूरी चीजों का शीर्घ ही सामान उपलब्ध कराया जायेगा। इस मौके पर स्थानीय अध्यक्ष श्री महाजन, सचिव कंबर दिलवाग सिंह, कोषाध्यक्ष ध्यान सिंह, संजीव कुमार, अश्विनी गर्ग, सुदर्शन बंसल, संजय ठुकराल, मुकेश दिलवाग आदि उपस्थित थे।

## दिल्ली उत्तर

**शालीमार बाग :** शाखा संरक्षक व निगम पार्षद श्री रामकिशन सिंघल के दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर सम्मान समारोह का आयोजन 4 मई, 2009 को शालीमार बाग क्लब में किया गया। इस कार्यक्रम में श्री शिवराज सिंह, मुख्य मंत्री मध्य प्रदेश, श्री महेश चन्द्र शर्मा, क्षेत्रीय चेयरमैन, क्षेत्र-3, श्री भूपेन्द्र मोहन भण्डारी, राष्ट्रीय मंत्री, क्षेत्रीय विधायक श्री रविन्द्र बंसल व क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोगों ने भाग लिया। शाखा ने 20 मई से 24 मई तक आचार्य सत्यवीर जी के सानिध्य में योग ध्यान, प्राणायाम व चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में प्रतिदिन 150 से 200 लोगों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में भंडारी नेशनल सेक्रेटरी एस. के. वधवा राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजकुमार जैन, महासचिव दिल्ली उत्तर प्रान्त, रामकिशन सिंघल अध्यक्ष स्थायी समिति दिल्ली नगर निगम, निगम पार्षद हरबंसलाल उप्पल व क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

## राजस्थान दक्षिण पूर्व

**प्रान्त का वर्ष 2009-10 का दायित्व ग्रहण कार्यक्रम 12 अप्रैल, 09**

**को पुरुषार्थ भवन झालावाड़ रोड, कोटा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री महावीर भण्डारी, संचालक करणी नगर विकास समिति कोटा तथा अध्यक्षता श्री मदनमोहन गुप्ता, प्रान्तीय उपाध्यक्ष द्वारा की गई। कार्यक्रम के पदस्थापन अधिकारी श्री सीताराम गोयल ने नव निर्वाचित अध्यक्ष श्री पुरुषोत्त्म नुवाल, महासचिव श्री मुरारीलाल शर्मा, कोषाध्यक्ष श्री हरीओम विजय को पद व गोपनीयता की शपथ दिलावायी।**

**भवानीमण्डी :** 24.04.09 को एक कार्यक्रम में राजस्थान टेक्सटाइल मिल के रिटायर्ड समूह अध्यक्ष नवरतनमल गुप्ता को उनके 47 वर्ष का सेवाकाल पूर्ण होने पर भावभीनी विदाई दी गई। इसमें 200 सदस्यों ने सपरिवार भाग लिया।

**छीपाबड़ौत :** 21.05.09 को शाखा शपथ ग्रहण एवं पद स्थापना समारोह पुरुषोत्तम नुवाल, प्रान्तीय अध्यक्ष की अध्यक्षता एवं पद स्थापना अधिकारी श्री मुरारीलाल शर्मा, प्रान्तीय महासचिव के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। अन्त में नवीन अध्यक्ष श्री नरेन्द्र कुमार बाठला ने दायित्व सौंपने के लिए सभी को धन्यवाद दिया।

**रामगंजमंडी :** प्रान्तीय परिषद् की वार्षिक बैठक एवं श्रेष्ठता के लिए सभी शाखाओं को सम्मनित किया गया। सबसे ज्यादा पुरस्कार रामगंजमंडी शाखा ने प्राप्त किए। जनसंपर्क प्रमुख लव कुमार शर्मा ने बताया कि वर्ष 08-09 को प्रान्तीय परिषद् की वार्षिक बैठक कोटा में हुई। जिसमें परिषद् के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ईश्वर दत्त ओझा ने संबोधित किया तथा युवाचार्य मठ भानपुरा का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। वर्ष 08-09 में सबसे ज्यादा विकास मित्र रामगंजमंडी में बने। वार्षिक कार्यक्रम में श्रेष्ठता सम्मान समारोह में शाखा रामगंजमंडी को सबसे ज्यादा पुरस्कार प्राप्त हुए। शर्मा ने बताया कि रामगंजमंडी शाखा को दो हृदय रोगी बच्चों के सफल ऑपरेशन, किया गया। सांस्कृतिक सप्ताह कार्यक्रम में प्रान्त में प्रथम स्थान, सांस्कृतिक सप्ताह कार्यक्रम में भारत को जानो प्रतियोगिता के कई आयोजन में पुरस्कार दिए। पुरस्कार रामगंजमंडी शाखा के अध्यक्ष डा. श्रीकृष्ण शर्मा एवं अन्य सदस्यों ने समूहिक रूप से प्राप्त किया। नव संवतसर पर कई कार्यक्रम आयोजित कर हिन्दी नववर्ष को हर्षोल्लास से मनाया गया। सभी पदाधिकारी व सदस्यों द्वारा नगर के लोगों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी।

**विवेकानन्द कोटा :** शाखा शपथ ग्रहण एवं पदस्थापन समारोह 2009-10 का आयोजन माननीय श्री एम.एल.पाटौदी, डिप्टी प्रसीडेन्ट, आलइण्डिया फेडरेशन ऑफ टेक्स प्रोक्टिशनर्स के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। अध्यक्षता पुरुषोत्तम नुवाल, प्रान्तीय अध्यक्ष थे। गोविन्द राठी निर्वतमान सचिव ने 2008-09 के कार्यक्रमों की रिपोर्ट पेश की तथा प्रान्त में सर्वश्रेष्ठ द्वितीय शाखा चुने जाने पर सदस्यों को बध ाई दी। इस अवसर पर बृजबाला खण्डेलवाल, को अध्यक्ष, रवीन्द्र बन्दिल को सचिव तथा सुरेश न्याती को कोषाध्यक्ष का दायित्व ग्रहण का संकल्प करवाया गया। 22 अप्रैल को जल-वाटिका का आरम्भ किया गया।

## राजस्थान उत्तर पूर्व

**जयपुर अम्बाबाड़ी :** शाखा का शपथ ग्रहण समारोह विश्वकर्मा इंडस्ट्रीज

एसोसिएशन भवन में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर प्रान्तीय महासचिव सोमनाथ हांडा ने अध्यक्ष विक्रांत अग्रवाल, सचिव प्रदीप शर्मा, कोषाध्यक्ष संदीप बाठिया सहित अन्य सदस्यों को शपथ दिलाई। विश्वकर्मा एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेम पोद्दार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। इस मौके पर विकलांग पुनर्वास कार्यक्रम में 5 विकलांगों को ट्राईसाईकिल और 46 विकलांगों को कृत्रिम अंग प्रदान किये गये।

**प्रताप जयपुर :** 26 अप्रैल, 2009 को शाखा द्वारा राजापार्क स्थित भगत सिंह पार्क में निर्मित डे केयर सेन्टर भवन में ''पहला सुख नीरोगी काया'' विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। विषय के प्रमुख वक्ता आयुर्वेद के विशेषज्ञ वैद्य दम्पत्ति डॉ. राजेश व डॉ. मीता काटेच थे।

**गंगापुर सिटी :** शाखा का शपथ ग्रहण समारोह 5 अप्रैल, 09 को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री आर.पी.शर्मा थे एवं अध्यक्षता श्री किशन लाल शर्मा, एडवोकेट ने की। इस अवसर पर 17 विकास मित्रों को सम्मानित किया गया एवं 4 नये विकास मित्र बनाये गये।

**बहरोड़ :** शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री एस.के. वधवा के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अम्बाबाड़ी शाखा द्वारा 51 विकलांगों को कृत्रिम अंग एवं 5 विकलांगों को ट्राईसाईकिल प्रदान की गई।

**भिवाड़ी :** 25 अप्रैल, 09 को दायित्व ग्रहण समारोह केन्द्रीय मंत्री राजेन्द्र प्रसाद, प्रान्तीय अध्यक्ष भवनीश रमण एवं महासचिव सोमनाथ हाण्डा द्वारा आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि सुरेन्द्र बब्बर चेयरमैन रालिसन ग्रुप के थे।

**चूरु :** 14.4.09 को अम्बेडकर जयन्ती के अवसर पर भारत विकास परिषद् की नयी शाखा के गठन हेतु जिला सचिव प्रमोद शर्मा एवं सरदारशहर शाखा अध्यक्ष शिवरतन सोली की उपस्थिति में सर्व सहमति से चुनाव हुऐ।

## राजस्थान दक्षिण

**बांसवाड़ा :** 9 मई, 2009 को भारती विद्या भवन स्कूल में कक्षा 9 से 12 में अध्ययनरत छात्रों हेतु किशोर संस्कार शिविर का आयोजन प्रधानाचार्य मनोविद कामीनी विज के मुख्य आतिथ्य तथा ए.पी. माथुर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि प्रशिक्षक डॉ. आशा ने कहा कि किशोरावस्था ऐसी अवस्था है जहाँ से बालकों का भविष्य निर्धारित होता है।

**आज़ाद उदयपुर :** शाखा शपथ ग्रहण समारोह इन्स्टीयूट ऑफ़ इंजीनियर्स के सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैलाश सौडानी ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षित लोगों को राजनीति में पूर्ण रुचि लेनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए परिषद् के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री एस.के.वर्मा ने सदस्यों से पर्यावरण की रक्षा में अपना योगदान देने की अपील की। शाखा में जुड़े 10 नये सदस्यों को श्री बी. एल.हीरावत, प्रान्तीय सचिव ने शपथ दिलाई।

**मेवाड़, उदयपुर :** शाखा द्वारा शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद श्री भानु कुमार शास्त्री थे तथा विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री एस.के.वर्मा थे। कार्यक्रम

की अध्यक्षता क्षेत्रीय संरक्षक श्री श्यामलाल कुमावत द्वारा की गई। मुख्य संरक्षक डॉ. प्रदीप कुमावत ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि श्री भानु कुमार शास्त्री ने अपने आशीर्वचन में भारतीय संस्कार एवं सेवा प्रकल्पों पर कार्य करने की महत्ता पर विचार रखे।

**सलूम्बर :** शाखा की ओर से भारतीय नव संवत्सर पर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में शाखा अध्यक्ष दिलीप कुमार गांधी नवनिर्वाचित अध्यक्ष दिनेश मालवी तथा डा. एम.एल. पुर्बिया के नेतृत्व में फल वितरण किया गया। भारतीय नव संवत्सर 2066 के उपलक्ष्य में परिषद् द्वारा नीम, कालीमिर्च एवम् मिश्री प्रसाद खिलाकर तथा तिलक लगाकर नगर में नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई। शाखा की नवीन कार्यकारिणी वर्ष 2009-10 का शपथ ग्रहण समारोह रखा गया। जिसमें मुख्य अतिथि थे डा. एस.के. वर्मा तथा अध्यक्षता डा. बी.एल. कुमावत ने की। उपाध्यक्ष रामजी कुमावत, सह-सचिव लीलाधर त्रिवेदी, संरक्षक भगवान नागदा, संगठन मंत्री अमित व्यास सम्पर्क प्रमुख आदेश सिंघवी, मेडिया प्रभारी राजेन्द्र बाहेती को शपथ दिलवाई गई।

## राजस्थान मध्य

26.4.09 को प्रान्तीय अभ्यास वर्ग व प्रकल्प कार्यशाला तथा शपथ ग्रहण कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें क्षेत्रिय अध्यक्ष शान्तिलाल पानगोडया, प्रान्तीय अध्यक्ष पवन कुमार अग्रवाल, प्रान्तीय महासचिव कमल किशोर व्यास अथवा अन्य सदस्य उपस्थित थे। राष्ट्रीय मंत्री द्वारा उनके पद एवं दायित्व की शपथ दिलाई गई। राजेश समदानी द्वारा दायित्व एवं समर्पक की जानकारी प्रदान की गई। अथवा महिला प्रमुख श्रीमती गायत्री आचार्य ने महिला सहभागिता हेतु अपनी जानकारी दी। सभी शाखाओं द्वारा 20 प्रतिशत की वृद्धि करने का निर्णय लिया गया। नई शाखायें खोलने हेतु जुनिया, सरवड, बनेड़ा सोवर, बजोरा आदि जनपदों की चर्चा की गई।

**केकड़ी :** शाखा की नवगठित कार्यकारिणी सत्र 2009-10 का दायित्व ग्रहण समारोह आयोजित किया गया जिसमें 20 नये सदस्यों को शपथ दिलवाई गई अन्त में परिषद् के सात सर्वश्रेष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया।

**बदनोर :** शाखा के प्रयास से ग्राम-पाटन में भारत विकास परिषद की नई शाखा का गठन किया गया। 19 अप्रैल को आयोजित भव्य शपथ ग्रहण समारोह मोतीलाल विरावत क्षेत्रीय संगठन मंत्री ज़ोन-2 की अध्यक्षता और प्रमोद नाबेड़ा ज़िला प्रभारी के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में शाखा असीन्द के अध्यक्ष सुभाष जैन, शाखा बदनोर के अध्यक्ष रविशंकर मकाना सहित असीन्द शाखा के सदस्य भी उपस्थित थे।

**महाराणा प्रताप, भीलवाड़ा :** 12.4.09 से 27.4.09 तक विभिन्न कार्यक्रम सम्पन्न हुए। जिसके अन्तर्गत कार्यकारिणी की मासिक बैठक, साधारण सभा व रेकी स्पर्श चिकित्सा एक्युप्रेशर एवं सुजोक का नि:शुल्क शिविर लगायां गया। डा. लक्ष्मी नारायण एवं टीम द्वारा 501 रोगियों का उपचार किया गया। यह शिविर केन्द्रीय पदाधिकारी राजेन्द्र कोठारी की अध्यक्षता में लगाया गया। अक्षय तृतीया के शुभ

अवसर पर कार्यालय भवन का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मोतीलाल वीरावत राजेश समदानी बलराज आचार्य सहित तीनों शाखाओं के अधिकारी उपास्थित थे। पुस्तकालय संचालन हेतु राजेश समदानी द्वारा 12000 रु. का सद् साहित्य भेंट करने की घोषणा की। मई 2009 में महाराणा प्रताप जयन्ती, महिला सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र, व पुस्तकालय प्रारम्भ करने पर चर्चा की गई।

**गुलाबपुरा :** परिषद् द्वारा मध्यम प्रान्त की प्रान्तीय कार्यशाला प्रकल्प प्रभावी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम पवन अग्रवाल प्रान्तीय अध्यक्ष एवं प्रेमचन्द्र जैन, राष्ट्रीय क्षेत्रीय प्रचारक के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। शाखा गुलाबपुरा की सन् 2009-10 की नई कार्यकारिणी को क्षेत्रीय अध्यक्ष रिषभ सुराणा ने शपथ दिलाई। शाखा की ओर से कंवलियास में रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें ग्रामीणों ने 24 यूनिट रक्तदान किया। राउमावि में लगाए शिविर में भीलवाड़ा के रामस्नेही चिकित्सालय के सहयोग से रक्तदान कराया गया। इस अवसर पर संपत सुराणा, मानवाधिकार समिति के सुशील लोढ़ा, समाज के अनिल सुराणा, धनराज भंडारी, सुरेन्द्र सुराणा, सुनील लोढ़ा ने सहयोग प्रदान किया।

**शाहपुरा :** शाखा द्वारा 14.04.09 को कोटड़ी मार्ग पर बस दुर्घटना में घायल यात्रियों को शाहपुरा सेटेलाइट हॉस्पिटल पहुँचा कर ईलाज करवाया गया। शाखा अध्यक्ष भगतराम काबरा, सदस्य यशपाल पाटनी, जिला प्रभारी दीनदयाल मारू ने अपना योगदान दिया। राष्ट्रीय प्रकल्प के अन्तर्गत अभिरूचि शिविर का आयोजन 23 मई से 29 मई, 2009 तक शाहपुरा में किया गया। शिविर का उद्घाटन राम प्रसाद पारीक द्वारा किया गया। शिविर में कुकिंग, सिलाई, बुटिक वर्क, पेंटिंग, नृत्य, इंग्लिश स्पोकन, वाद्ययंत्रों का वादन आदि विद्याओं में कुल 422 प्रतिभागियों को दक्ष बनाया गया। समापन समारोह की मुख्य अतिथि श्रीमती सरोज सोमानी, अध्यक्ष, श्रीमती मधु पौण्ड्रिक एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती रेखा चौधरी थीं।

## राजस्थान पश्चिम

**पाली :** शाखा की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 4 मई 2009 को सम्पन्न हुआ। नई कार्यकारिणी ने स्थायी प्रकल्प प्रारम्भ करना, सदस्य संख्या बढ़ाना व सभी प्रकल्पों को समय पर कराने का संकल्प लिया।

## राजस्थान पूर्व

**गंगापुर सिटी :** शाखा द्वारा शपथ ग्रहण सामारोह रुक्मनी मैरिज गार्डन गंगापुरसिटी में 5 अप्रैल 09 को सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता किशन लाल शर्मा एडवोकेट ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आर.पी. शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। इस अवसर पर 17 विकास मित्रों को प्रमाण पत्र दिये गये एवं 4 नये विकास मित्र बने।

## राजस्थान उत्तर

**पीलीबंगा हनुमानगढ़ :** शाखा द्वारा संचालित स्वामी विवेकानन्द पार्क में एक जलघर का निर्माण किया गया। इस जलघर में वाटर कूलर से ठन्डा पानी पिलाने की व्यवस्था की गई। इसकी कुल लागत एक लाख पच्चास हज़ार रुपये आई हैं। इसका

निर्माण स्व. मोतीलाल डागा की स्मृति में उनकी पत्नी बिदामी देवी के पुत्रों ने करवाकर भारत विकास परिषद् को सौंप दिया है। जलघर का लोकार्पण 29.3.09 को किया गया। । इसमें मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष डा. पी.एल. बंसल, विशिष्ट अतिथि प्रान्तीय महासचिव डा. त्रिभुवन शर्मा थे। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ईश्वर दत्त ओझा 12.4.09 को पीलीबंगा पधारे। यहाँ पहुचने पर परिषद् के सभी सदस्यों व पीलीबंगा के प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा उनका स्वागत किया गया। उन्होंने परिषद् द्वारा संचालित जलघर का अवलोकन कर परिषद् के कार्यो की सराहना की गई।

## हरियणा उत्तर

**सूरज करनाल :** 3 मई, 2009 को वर्ष 2009-10 के लिए शाखा की नई कार्यकारिणी का दायित्व ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में डॉ. ए. के. श्रीवास्तव, निदेशक एवं कुलपति, राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान करनाल, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। श्री बी. एस.मोदी ने नव नियुक्त अध्यक्ष श्रीमती ऊषा अनेजा का परिचय कराया। सचिव श्रीमती क्षमा बत्रा ने वर्ष 2009-10 में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा से अवगत कराया।

**तरावड़ी :** 5.4.09 को जनरल मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें साफ-सफाई वाटरकूलर की मरम्मत तथा कन्या भ्रूण हत्या को रोकने हेतु गम्भीरता से विचार किया गया। 26.4.09 को दायित्व ग्रहण व पारिवारिक मिलन समारोह में सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी व स्कूलों के अध्यापक व पत्रकारों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि प्रदीप गुप्ता ने 4000 रु. का योगदान दिया तथा नरेश बंसल ने 1100 रु. का योगदान दिया। सूरत सिंह ग्रोवर जो पब्लिक स्कूल के संस्थापक है उन्होंने तारावड़ी शाखा को हर वर्ष जीवन भर 1100 रु. देने की घोषणा की। 30.4.09 को प्रधान अनिल गुप्ता द्वारा विकलांग केन्द्र में 1100 रु. का दान दिया गया। अजित जैन द्वारा 5 गरीब बच्चों की स्कूल फीस व किताबें उपलब्ध कराई गई।

**पिहोवा :** 15.4.09 को परिषद् भवन में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। वर्ष 2009-10 के लिए किए जाने वाले कार्यों की सूची तैयार की गई व वार्षिक नि:शुल्क इकट्ठा करके केन्द्रीय शुल्क भेजने की व्यवस्था की गई। परिषद् परिवार के लगभग 46 सदस्य 3-4-5 अप्रैल को सदभावना यात्रा मथुरा वृंदावन-आगरा के लिये गए। धार्मिक एवम् ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया व ताजमहल की कारीगरी का अवलोकन किया।

**पंचकूला :** 29.3.09 को हुई सामान्य बैठक में वर्ष 2009-10 हेतु शाखा अध्यक्ष, सचिव तथा वित्त सचिव का चुनाव श्रीमती सरिता शर्मा तथा सुधीर वर्मा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। 19.4.09 को सर्व सम्मति से कार्यकारिणी के सभी सदस्यों का चयन किया गया। श्रीमती प्रेम सेखड़ी को वर्ष 2009-10 हेतु महिला प्रमुख का दायित्व सौंपा गया। इसी दिन विद्यालयों में जाकर जल तथा विद्युत बचाओ अभियान हेतु 5000 पर्चे बांटे गए। 26.4.09 को प्रान्तीय अध्यक्ष डा. के.एल. चावला तथा प्रान्तीय महासचिव मोहन ग्रोवर की उपस्थिति में दायित्व ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। शाखा के अनुरोध पर ग्राम फिरोजपुर

डाकखाना गढ़ी कोटा के अशोक कुमार ध ीमान को शॉल देकर सम्मनित किया गया। धीमान ने एक स्वचालित चाय बनाने की मशीन का आविष्कार किया है। अशोक कुमार धीमान को पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम द्वारा तृणमूल तकनीकी एवम् पारम्परिक ज्ञान पुरस्कार से अहमदाबाद में सम्मानित किया जा चुका है। 1.4.09 से 30.4.09 के दौरान 10 नये सदस्य बनाए गए जिन्हें शपथ भी दिलाई गई। शाखा द्वारा एक पुस्तक वितरण समारोह का आयोजन 12.5.09 को किया गया। 250 छात्र/छात्राओं का चयन विभिन्न विद्यालयों से किया गया। जिन्हें उनकी आवश्यकता अनुसार मुफ्त पुस्तकें व कापियां उपलब्ध कारायी गई। इस कार्यक्रम पर शाखा का लगभग 60000/- रुपये का व्यय हुआ जिसके लिये आर्थिक योगदान मुख्यता समारोह के मुख्य अतिथ्यि एस.पी. सिंगला व विशिष्ट अतिथि कुलभूषण बन्धू का रहा।

**शारदानगंल :** शाखा द्वारा कंवर अंकिता पुरस्कार से सम्मनित किया गया। उन्होंने दसवीं कक्षा के परिणाम के 98 प्रसेन्ट अंक लेकर पंचकुला हरियाणा ज़ोन में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

**मनसादेवी, पंचकुला :** शाखा के तत्वावधान में संयुक्त शपथ ग्रहण सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मोहन जी, प्रान्तीय महासचिव ने निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। पंचकुला में चल रहे मुक्तिनाथ वेद विद्यालय तथा मनसादेवी द्वारा गरीब छात्रों को भोजन कराया गया तथा 10.05.09 को करनाल में सभी शाखा के सदस्यों ने प्रान्तीय परिषद् बैठक में भाग लिया।

**विवेक अम्बाला छावनी :** 28.4.09 को पारिवारिक सभा में ब्रह्मकुमारी प्रजापति ईश्वरीय विश्व विद्यालय की दयाल बाग ब्रह्मकुमारी बहन शैली, बहन सुमन व भाई श्यामलाल पधारे शाखा अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार वर्मा ने मुख्य अतिथियों एवं पारिवारिक सदस्यों का सत्र की पहली सभा में स्वागत किया अन्त में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुधीर वर्मा ने मुख्य अतिथि एवं भाई बहनों का धन्यवाद किया।

## हरियाणा पश्चिम

**वीर हिसार :** शैशव अवस्था में खरीदे हुए बच्चों के लिए खिलौंने हम प्राय: घरों में एक समय उपरान्त एक तरफ रख देते हैं। इन खिलौंने हेतु शाखा द्वारा एक खिलौंना बैंक व लाइब्रेरी स्थापित करने का प्रकल्प लिया गया है। जो समय-समय पर एकत्रित खिलौंने निर्धन परिवारों के बच्चों में वितरित करने का प्रस्ताव है।

**उकलाना मण्डी, हिसार :** 21 मार्च को सुन्दरकाण्ड का पाठ करवाया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न धार्मिक संगठनों के सदस्यों ने भाग लिया। 27 मार्च, 09 को नव विक्रमी संवत् के उपलक्ष में 'परिषद् संदेश' के नाम से एक पत्रिका का प्रकाशन किया गया। 3 मई को दायित्व ग्रहण व परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रान्तीय अध्यक्ष डॉ. वासुदेव बंसल, व महासचिव श्री राजकुमार गोयल मुख्य रूप से उपस्थित थे।

**भिवानी :** परिषद् का दायित्व ग्रहण परिवार मिलन तथा सम्मान समारोह मनाया गया। समारोह के अन्तर्गत 12 पूर्व अध्यक्षों को उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु शॉल व स्मृति

चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ए.के. चावला वाईस चांसलर कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी ने परिषद् द्वारा किये गये कार्यों की सराहना की।

## हरियाणा दक्षिण

**सांपला :** अभ्यास वर्ग कार्यशाला 26 अप्रैल 09 को शाखा द्वारा आयोजित की गई। 19 शाखाओं में से 15 शाखाओं के लगभग 80 पदाधिकारी, 3 प्रान्तीय अधिकारी 4 क्षेत्रीय अधिकारी एवं 2 केन्द्रीय अधिकारी उपस्थित थे। क्षेत्रीय मंत्री, क्षेत्र-2 डा. सुधीर गर्ग ने परिषद् परिचय, नियमावली, शाखा संचालन प्रक्रिया, बैठकों के आयोजन का स्वरूप, एवं रिपोर्टिंग विषय पर राष्ट्रीय चेयरमैन वनवासी कल्याण योजना चन्द्रसैन जैन ने संस्कृति सप्ताह, राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता भारत को जानो प्रतियोगिता के आयोजन प्रो. राजेन्द्र कुमार गौड ने सेवा प्रकल्पों एवं विकलांग योजना पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर केदार नाथ शर्मा, गुड़गांव शाखा को प्रान्तीय संगठन सचिव एवं ईश्वर दत्त अग्घी रोहतक शाखा को प्रान्तीय संरक्षक मनोनीत किया गया।

**रोहतक :** विक्रमी नवसम्वत् 2066 के शुभागमन पर बाजारों व पार्को में मिश्री व इलायची का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर 400 स्टीकर 100 कैलेण्डर 165 बैनर व होर्डिंग लगाये गये। 4.4.09 को दायित्व ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चन्द्र सैन वनवासी कल्याण योजना केन्द्रीय अधिकारी ने की। 2008-09 की वार्षिक उपस्थिति का सम्मान श्री अशोक गुप्ता, राकेश बंसल श्रीमती मधु गुप्ता, हेम गर्ग और मीनू बंसल को दिया गया। कार्यकर्ता का सम्मान राकेश बंसल और श्रीमती मंजु जिन्दल को दिया गया। इस अवसर पर दो नए सदस्यों प्रेम कुमार व प्रवीण गोयल को शपथ दिलाकर परिषद् से जोड़ा गया।

**बल्लबगढ़ :** शाखा द्वारा 01.05.09 को शाखा द्वारा संचालित संत कबीर विद्या मंदिर स्कूल में सभी बच्चों को स्कूल बैग वितरित किया गया। संचालित दोनों स्कूलों में गरीब व स्लम बस्ती के करीब 215 बच्चें शिक्षा ग्रहण करते हैं। बच्चों को मुफ़्त शिक्षा, किताबें, ड्रैस व खाना दिया जाता है। शाखा शपथ ग्रहण समारोह 10. 05.09 को एक विकलांग बच्ची को व्हील चेयर प्रदान कर मनाया गया। समारोह के विशिष्ट अतिथि चन्द्र सैन जैन, चेयरमैन, वनवासी कल्याण योजना, व प्रवीणा सिंघल, प्रान्तीय महासचिव द्वारा शाखा के कार्यों की प्रशंसा की गई नवनिर्वाचित शाखा अध्यक्ष अमर बंसल छाड़िया द्वारा अतिथियों का स्वागत एवं सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया।

## मध्य भारत पश्चिम

**जबलपुर :** शाखा द्वारा परिषद् के सूत्र सम्पर्क एवं सहयोग के उद्देश्य से अध्यक्ष अखिलेश बादशा के नेतृत्व में एक प्याऊ का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में पंकज, राजेश व कमलजीत सिंह का विशेष सहयोग रहा।

**नीमच :** स्कूली विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति से रूबरु करवाने तथा उनमें व्यक्तित्व विकास व स्वावलम्बन की भावना का विकास करने के उद्देश्य से परिषद् द्वारा सूर्या फाउण्डेशन नई दिल्ली के निर्देशन में एक 15 दिवसीय व्यक्तित्व विकास शिविर 17 मई को आयोजित किया

गया। शिविर के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सूर्या फाउण्डेशन, नई दिल्ली के सीनियर वाईस चेयरमैन ब्रिगेडियर श्री डी.सी.पंत, कार्यक्रम अध्यक्ष डी.आई.जी.पी. सी.आर.पी.एफ, नीमच, श्री आर.एम.मीणा रहे। समारोह में सूर्या लाईट्स , नई दिल्ली के डायरेक्टर श्री विनीत गर्ग, परिषद् के क्षेत्रीय मंत्री, संस्कार श्री प्रदीप अग्रवाल एवं प्रान्तीय अध्यक्ष श्री जयंत वैशम्पायन, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समापन समारोह के अवसर पर शाखा को हाईटेक बनाते हुए परिषद् की स्वयं की वेबसाईट www.bvpneemuch.com का विमोचन भी अतिथियों द्वारा किया गया।

## मध्य भारत पूर्व

**विवेकानन्द ग्वालियर :** मध्य भारत पूर्व प्रान्त की प्रान्तीय कार्यपरिषद् की बैठक का आयोजन 11.4.09 को राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र पाल शर्मा की अध्यक्षता में विवेकानन्द शाखा, ग्वालियर के आथित्य में सम्पन्न हुआ। इस बैठक में विवेकानन्द शाखा, ग्वालियर ने भारत को जानो प्रतियोगिता एवं ग्राम बस्ती विकास योजना के लिए प्रथम पुरस्कार, गुरुवन्दन छात्र अभिनन्दन एवं बाल संस्कार शिविर के लिए द्वितीय पुरस्कार तथा राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता, पर्यावरण एवं स्वास्थ्य नेत्र चिकित्सा शिविर के लिए तृतीय पुरस्कार, इस प्रकार 7 पुरस्कार प्राप्त कर प्रान्त में एक कीर्तिमान स्थापित किया। शाखा सहित सात शाखाओं (पांच ग्वालियर शहर एवं दो ग्वालियर से बाहर जिले की) ने मिलकर श्रीस्वामी विद्यानन्द सरस्वती के मुख्य आतिथ्य एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र पाल शर्मा की अध्यक्षता में संयुक्त दायित्व ग्रहण समारोह का सफल आयोजन किया। प्रान्तीय अध्यक्ष गोपाल दास लड्ढ़ा, शपथ अधिकारी ने सात शाखाओं की नवीन कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। 21 अप्रैल 09 को श्रीमती हेमलता रामेश्वर भदौरिया, क्षेत्रीय पार्षद के मुख्य आतिथ्य, अजय बंसल, राष्ट्रीय संयोजक विस्तार की अध्यक्षता तथा प्रान्तीय संयोजक एवं प्रान्तीय अध्यक्ष की उपस्थिति में पथिकों की प्यास बुझाने हेतु एक प्याऊ का उद्घाटन किया गया।

**ग्वालियर :** शाखा ने 21.5.09 को कुशाग्र मोटर्स के संचालक ललित नागपाल के सहयोग से फूलबाग के सामने एम.एल. बी. रोड़ पर एक प्याऊ का उद्घाटन ग्वालियर के प्रथम नागरिक माननीय विवेक नारायण शेजवलकर महापौर ग्वालियर के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कई वरिष्ठ सदस्य उपस्थित थे। परिषद् द्वारा विवेकान्नद नीड़म के सहयोग से 8 दिवसीय आवासीय बाल संस्कार शिविर का उद्घाटन नैत्रई के प्रसिद्ध उद्योगपति जे.के. झंवर के मुख्य आतिथ्य तथा प्रान्तीय उपाध्यक्ष शेखर गर्ग मुरैना की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। शिविर में 7 वर्ष से 13 वर्ष तक के लगभग 80 बच्चों ने सहभागिता की परिषद् विगत 10 वर्षो से निरन्तर इस प्रकार के शिविरों का आयोजन करती आ रही है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जगदीश तोमर उपस्थित थे।

**गुना :** नवीन कार्यकारिणी का उत्तरदायित्व ग्रहण तथा पर्यावरण-जल संरक्षण हेतु श्रमदान और आर्थिक सहयोग स्थानीय भूजरिया तालाब प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय अनिल अग्रवाल, प्रान्तीय महासचिव थे।

